हिन्दुस्तान 14 December/2023

दून विवि की डॉ. प्रीति मिश्रा को एसईआरबी मोबिलिटी अवार्ड

देहरादून। दून विश्वविद्यालय ने एक और उपलब्धि हासिल करते हुए भारत सरकार से एसईआरबी मोबिलिटी अवार्ड प्राप्त किया है।

विवि की स्कूल आफ टेक्नोलॉजी की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रीति मिश्रा को वर्ष 2023-2024 के लिए केंद्रीय विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड की ओर से ये सम्मान दिया गया। ये अवार्ड पाने वाली वे उत्तराखंड की पहली शिक्षाविद बन गई हैं।

दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने बताया कि डॉ. मिश्रा एक क्लाउड कंप्यूटिंग और सिक्योरिटी के क्षेत्र में उभरती हुई महिला शोध वैज्ञानिक हैं। सर्ब पावर मोबिलिटी फ़ेलोशिप एक प्रतिष्ठित अवार्ड है। यह चयनित और सीमित संख्या में उत्कृष्ट विद्वानों और अनुसंधान के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया जाता है।

नवंबर 2023 में पुरे देशभर में 20 से भी कम अभ्यर्थियों को यह अनुदान दिया गया है। प्रोफेसर डंगवाल कहा कि संकाय सदस्य डॉ प्रीति मिश्रा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो एक्स्पोज़र मिलेगा इसका लाभ दून विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को मिलेगा।